प्रधान कार्यालय में हिंदी दिवस समारोह का भव्य आयोजन

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में शनिवार, दिनांक 21 सितंबर, 2019 को हिंदी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी **श्री आर ए शंकरनारायणन** जी ने की। इस अवसर पर **श्री के पी शर्मा**, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय(दक्षिण / पश्चिम), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैंक के कार्यपालक निदेशक **श्री एम वी राव**, कार्यपालक निदेशक **श्री देवाशीष मुखर्जी**, **श्री एल वी आर प्रसाद**, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग तथा अन्य विभागों के कार्यपालक गणों के साथ – साथ स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

समारोह का शुभारंभ **श्रीमती रश्मि अनूप बाल, श्रीमती के. भार्गवी** के ईश वंदना गायन से हुआ। स्वागत भाषण, मुख्य अतिथि का परिचय तथा बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रगति की रिपोर्ट **श्री एच एम बसवराज**, सहायक महा प्रबंधक ने प्रस्तुत की। माननीय गृह मंत्री के संदेश का वाचन **श्री अवनीकांत सिंह**, राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया।

बैंक के कर्मचारियों को सरल सहज रूप से हिंदी सिखाने के लिए 'आइए हिंदी सीखें' नामक सीडी का विमोचन मुख्य अतिथि व बैंक के प्रबंध निदेशक महोदय के करकमलों से किया गया।

मुख्य अतिथि श्री के पी शर्मा, उप निदेशक, राजभाषा विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि 'पूरे भारत वर्ष में राजभाषा हिंदी के प्रचार –प्रसार में दक्षिण भारत के लोगों का योगदान व त्याग अभूतपूर्व है। सभी भारतवासियों का रहन-सहन, खान-पान, सभ्यता-संस्कृति आदि एक समान हैं। विज्ञान, चिकित्सा, तकनीकी के क्षेत्र में यदि भारत देश को आगे लेकर जाना है तो हमें अपनी देशज भाषाओं के विकास पर जोर देना होगा।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री आर ए शंकरनारायणन, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि 'हम सभी बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत हैं । बैंकिंग क्षेत्र एक सेवा क्षेत्र है अतः हमें ग्राहकों की भाषा में अपने उत्पादों को लेकर जाना हैं जिससे कि बैंक के कारोबार में वृद्धि हो। हमें हिंदी को कारोबार की भाषा बनाते हुए अपने बैंक को बैंकिंग क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर लेकर जाना है।'

बैंक द्वारा संचालित केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना तथा केनरा बैंक राजभाषा पुरस्कार योजना के विजयी विभागों, कर्मचारियों को मुख्य अतिथि तथा बैंक के प्रबंध निदेशक के हाथों पुरस्कृत किया गया।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बैंक के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक नाटक, सामूहिक गायन, एकल गायन आदि में भाग लिया।

मंच संचालन **श्रीमती शिवानी तिवारी एवं श्री अवनीकांत सिंह**, राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया। **श्रीमती वी. श्रीलक्ष्मी**, वरिष्ठ प्रबंधक ने आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम से संबंधित छायाचित्र –

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम
Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम
Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम
Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम

Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम

Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम
Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can